No - 1309/F.No.-03/GuestF./DSMNRU/2019-20 Date-20. Sep. 2019

Department of Information Technology:

Sl. No.	Post	Department	No. of Posts	Minimum Qualification/Experience
1.	Lab Instructor	Information Technology	02	Graduation in Computer Science/ Information Technology

Registrar

गैर–शैक्षिक विज्ञापन के समस्त पदों हेतु सामान्य निर्देश

1. रिक्तियों की संख्या पदों की उपलब्धता के आधार पर घट–बढ़ सकती है।
2. विश्वविद्यालय की वेबसाईट **http://dsmru.up.nic.in** से डाउनलोड किये गये निर्धारित आवेदन–पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। **Online** आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, केवल **स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक** द्वारा आवेदन–पत्र स्वीकार किये जाएंगे। अधूरे तथा किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
3. **आवेदन शुल्क** –

   गैर–शैक्षिक संवर्ग के आवेदन–पत्र के साथ सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 **500.00** व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रू0 **250.00** का शुल्क देय होगा। **दिव्यांग अभ्यर्थियों को कोई शुल्क नहीं देय नहीं है।**

   आवेदन शुल्क जमा करने का माध्यम–

RTGS/NEFT के माध्यम से
बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ, उ0 प्र0। खाता धारकः डॉ० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। बचत खाता सं0 36510100000025 IFSC Code BARB0MOHAAN ↓ Zero बैंक में जमा किये गये शुल्क की मूल प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4. विज्ञापित पदों के सापेक्ष प्राप्त आवेदन–पत्र किसी भी कारण से निरस्त किये जाने पर अथवा अन्य किसी कारणवश प्रक्रिया स्थगित/निरस्त किये जाने पर अभ्यर्थियों द्वारा जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

5. इस विज्ञापन के सम्बन्ध में सभी सूचनाएं तथा पदों पर आयोजित होने वाली परीक्षा/साक्षात्कार/परिणाम आदि की समस्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://dsmru.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सम्बन्ध में अलग से सूचनाएँ प्रकाशित नहीं की जायेंगी। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

6. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी **अनिवार्य अर्हता** के प्राप्तांक **ग्रेड पॉइन्ट** में दिये गये हैं, वे कुलसचिव/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगें, जिसमें ग्रेड पॉइन्ट के समतुल्य **प्राप्तांक प्रतिशत** तथा **ग्रेड पॉइन्ट** को **प्रतिशत** में परिवर्तित करने का **सूत्र(Formula)** का उल्लेख हो।
7. प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन–पत्र (निर्धारित शुल्क एवं संलग्नकों सहित) प्रस्तुत करना होगा तथा एक लिफाफे में एक ही आवेदन–पत्र मान्य है। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
8. चयनित अभ्यर्थियों का पारिश्रमिक निश्चित वेतन विश्वविद्यालय नियमानुसार देय होगा।
9. आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किया जाना अनिवार्य हैः–
   (क) नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित फोटो आवेदन–पत्र में चस्पा जाय।
   (ख) आवेदन–पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण–पत्र, आयु प्रमाण–पत्र व अन्य योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न की जाएं।

   आवेदन–पत्र प्रेषित करने से पूर्व लिफाफे के ऊपर पद का क्रमांक, विज्ञापन संख्या एवं आवेदित

पद का नाम अवश्य अंकित किया जाए, जिसका प्रारूप निम्नवत है :–

विभाग का नामः.....
आवेदित पद का नाम : .....

डाक
टिकट

सेवा में,

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
मोहान रोड, लखनऊ, पिन – 226 017

प्रेषक :
.....
.....
दूरभाष नं0 / मोबाइल नं0 : .....
(अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये)

10. आवेदिन पद के विभाग का नाम, पदनाम का उल्लेख आवेदन–पत्र प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे पर अवश्य अंकित करें।
11. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर उन्हें कोई मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।
12. ऐसे अभ्यर्थी, जो केन्द्र अथवा राज्य सरकार या स्वायत्तशासी संगठन / अर्द्ध सरकारी की सेवा में कार्यरत हैं, उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित आवेदन–पत्र प्रेषित करना होगा।
13. अभ्यर्थी के अर्ह एवं अनर्ह होने के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी / विश्वविद्यालय प्रशासन का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। विज्ञापन में प्रकाशित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आपकी पात्रता को सुनिश्चित नहीं करेगी। शैक्षणिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो समस्त अभ्यर्थियों को मान्य एवं बाध्यकारी होगा।
14. सभी प्रकार के विवादों का निपटारा सिर्फ जनपद लखनऊ न्यायालय में ही मान्य होगा ।
15. विश्वविद्यालय के अधीन विज्ञापित गैर–शैक्षिक संवर्ग के पदों हेतु आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट **http://dsmru.up.nic.in** पर उपलब्ध है।
16. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हेतु वाक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 28 सितम्बर, 2019 को प्रातः 2:00 बजे से आयोजित किये जायेंगे।
17. अभ्यर्थियों से अपेक्षित है किसी भी प्रकार की सूचना हेतु वेबसाइट का अवलोकन करें।

उपरोक्त पदों के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये आवेदन–पत्र पर ही समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित केवल **पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **दिनांक 27 सितम्बर, 2019** को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ, पिन – 226 017 को प्राप्त हो जाएँ।

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।